


# टू-व्हीलर-स्कूल वाहनों पर कार्रवाई, 38 हजार वसूले

**ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार को बैरियर चौराहा क्षेत्र में चलाया अभियान**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 जुलाई।** पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने गुरुवार को बैरियर चौराहे के आसपास विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया।

ट्रैफिक्र इंस्पेक्टर संतोष सिंह भदौरिया के नेतृत्व में स्कूली बसों, दोपहिया और अन्य वाहनों की जांच कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों से 38 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

अभियान के दौरान दोपहिया चालकों को हेलमेट पहनने और वाहन के सभी दस्तावेज साथ रखने की समझाइश दी गई। वहीं स्कूली बस संचालकों को क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाने और सभी बच्चों को सीट पर बैठाकर सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि नियमों के पालन के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## श्रीमद् देवी भागवत महापुराण 20 से

**मुरैना/पोरसा, 9 जुलाई।** तहसील पोरसा के ग्राम जौटई स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में 20 से 29 जुलाई तक नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन होगा। कथा का आयोजन महंत ब्रहमचारीदास महाराज के सान्निध्य एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया जाएगा। कथावाचक अवधेशानंद तर्क भास्कर श्रद्धालुओं को मां आदिशक्ति की महिमा, शक्ति उपासना, सनातन संस्कृति, धर्म और भक्ति के प्रेरक प्रसंगों का श्रवण कराएंगे। प्रतिदिन पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और देवी महिमा का गुणगान होगा, समापन पर विशेष हवन-पूजन एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण करने की अपील की है।

# ओवरब्रिज चौराहे पर ट्रांसपोर्ट कंपनी गोदाम से लाखों की चोरी

**गैलरी के शटर का ताला तोड़कर वारदात को दिया अंजाम**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 जुलाई।** शहर के बीचों-बीच ओवरब्रिज चौराहा स्थित नवभारत ट्रांसपोर्ट कंपनी के गोदाम से बुधवार-गुरूवार की दरम्यानी रात अज्ञात बदमाश करीब साढ़े तीन लाख रूपये का माल समेटकर ले गए।

जानकारी के अनुसार आगरा निवासी राधामोहन गुप्ता की नवभारत ट्रांसपोर्ट कंपनी का शहर के ओव्हरब्रिज चौराहे पर गोदाम स्थित है। बुधवार की शाम मुनीम जगदीश गोयल और कर्मचारी राजवीर गोदाम का ताला लगाकर घर चले गए थे।



गुरूवार की सुबह जब वे गोदाम पहुंचें और ताला खोला तब उन्हें गोदाम में चोरी होने का पता चला। बताया जा रहा है कि बदमाश गोदाम में रखे नल की टोंटी के 72 डिब्बे चुराकर ले गए थे, प्रत्येक डिब्बे में 6 टोटियां रखीं हुईं थी।

इसके अलावा बदमाश बिजली का सामान, दो इलेक्ट्रिक प्रेस के साथ गोदाम में लगे दो सीसीटीवी कैमरे, डीवीडी और एलईडी चुराकर ले गए। बदमाश गोदाम में रखे पप्पू शाह के हाथठेले से एक हजार रूपये की चिल्लर राशि, गुटखा, बीड़ी, बंडल के पैकेट भी चुराकर ले गए है। चोरी हुए माल की कीमत साढ़े तीन लाख रूपये बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।



# 10 दिन में दूसरी बार बोरवैल की केबल चोरी, पेयजल संकट गहराया

**शहर के वार्ड-39 में दीक्षित गली, तोमर गली में लोग परेशान**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 जुलाई।** नगर निगम के वार्ड-39 स्थित गोपालपुरा की दीक्षित गली और तोमर गली के बीच लगे शासकीय बोरवेल की बिजली केबल चोर 10 दिन में दूसरी बार काट ले गए। इससे बोरवेल बंद हो गया और क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी बोरवेल की 29 जून को भी केबल चोरी हुई थी, जिसकी शिकायत कोतवाली में की गई थी, लेकिन अब तक चोरों का पता नहीं चल सका।

वार्डवासियों ने बताया कि श्याम गार्डन गली और नैनागढ़ रोड स्थित काली माता मंदिर के पास लगे बोरवेल की केबल भी चोरी हो चुकी है। लोगों ने पुलिस से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# महिला से छेड़छाड़ करने वाले को एक वर्ष सश्रम कैद, अर्थदण्ड

**छह वर्ष पुराने केस में न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योत्सना तोमर ने सुनाया निर्णय**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 जुलाई।** छह वर्ष पुराने छेड़छाड़ के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट मुरैना ज्योत्सना तोमर ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए अलग-अलग धाराओं में एक-एक वर्ष सश्रम कारावास और एक हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती उज्मा सुल्ताना ने की।

मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल (अभियोजन) के अनुसार 25-26 जून 2019 की मध्यरात्रि पीड़िता अपने घर के आंगन में सो रही थी। इसी दौरान आरोपी रामनिवास कुशवाह निवासी राजाराम का पुरा घर में घुस आया। उसने पीड़िता का हाथ पकड़कर बुरी नीयत से छेड़छाड़ की।

पीड़िता के शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी भाग निकला। पीड़िता की रिपोर्ट पर बामौर पुलिस ने मामला दर्ज किया और विवेचना उपरांत न्यायालय में चालान पेश किया।

अभियोजन की ओर से प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए एक-एक वर्ष सश्रम कैद और 1 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# पुलिस ने पकड़ी रेत से भरी तीन ट्रॉलियां

**अंबाह पुलिस को मिली थी चंबल नदी से उत्खनन की सूचना**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 जुलाई।** रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अंबाह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 8 लाख रुपए कीमत की रेत से भरी तीन ट्रॉलियां जब्त की हैं। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

अंबाह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि नयाबांस-बरसला घाट पर अवैध रूप से रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। हालांकि पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए।



पुलिस टीम को मौके पर रेत से भरी तीन ट्रॉलियां मिलीं, जिन्हें जब्त कर थाने लाया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेश कुशवाह सहित अंबाह थाने की टीम शामिल थी।

## समझाइश का असर: टल गई नाबालिग की शादी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 9 जुलाई।** वार्ड-17 में नाबालिग बच्ची के विवाह की सूचना पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने समय रहते हस्तक्षेप कर बाल विवाह रुकवा दिया। परियोजना अधिकारी रचना जैन को चाइल्डलाइन से शिकायत मिलने पर उन्होंने ज्योति चतुर्वेदी और नीरज सिंह तोमर के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणाम और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने मोहल्ले के लोगों के सामने पंचनामा देकर लिखित आश्वासन दिया कि बच्ची के बालिग होने से पहले उसका विवाह नहीं करेंगे। परियोजना अधिकारी ने बताया कि शिकायत की दोबारा जांच की गई, लेकिन नाबालिग का विवाह नहीं कराया गया था।

## एक नजर में



# घायल महिला की जान बचाने वाली निर्भया टीम सम्मानित

**सड़क हादसे में त्वरित मदद करने पर एसपी ने दिया नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 जुलाई।** एमएस रोड स्थित जीवाजीगंज पुलिया के पास सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने वाली निर्भया मोबाइल टीम को एसपी धर्मराज मीना ने सम्मानित किया। गश्त के दौरान टीम प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मी भदौरिया ने चालक राजकुमार और आरक्षक किशन कटारा की मदद से महिला को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। एसपी ने टीम को प्रशस्ति-पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था के साथ जरूरतमंदों की मदद करना भी पुलिस की अहम जिम्मेदारी है।




## कलेक्टर ने चार गांवों के स्कूलों का किया निरीक्षण

**मुरैना, 9 जुलाई।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने गुरुवार को पहाड़गढ़ विकासखंड के अरेठी, निचली बहराई और चांचुल के प्राथमिक विद्यालयों तथा कन्हार के आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर पढ़ाई का स्तर जाना और पाठ्य पुस्तकों के वितरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने मिड-डे मील की गुणवत्ता, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था और शिक्षकों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति भी जांची। उन्होंने अधिकारियों को सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा और पोषण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## इवेंट कर्मचारी की करंट से मौत

**मुरैना, 9 जुलाई।** बुधवार की देर रात वैवाहिक समारोह में काम कर रहे एक ईवेंट कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। हादसा टीआर पुरम स्थित अग्रवाल सेवा सदन में होना बताया गया है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर में गुढ़ागुढ़ी के नाका पर रहने वाला पुरुषोत्तम कुशवाह 55 पुत्र रामप्रसाद कुशवाह ठेकेदार नितिन कुशवाह की परी ईवेंट कंपनी में काम करता था। 7 जुलाई को पुरुषोत्तम ठेकेदार के साथ काम करने के लिए मुरैना शहर के अग्रवाल सेवा सदन में आयोजित एक वैवाहिक समारोह में पहुंचा था। 8 जुलाई की रात पुरुषोत्तम लोहे की सीढ़ियों पर चढ़कर काम कर रहा था, इसी दौरान उसे करंट का झटका लगा और वह सीढ़ियों से नीचे गिर गया। उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

# अंबाह में दो प्रतिष्ठानों से लिए काजू-बेसन, धनिया के सैंपल

**खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने गुरूवार को की कार्रवाई**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 जुलाई।** खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमों द्वारा लगातार कार्यवाहियां की जा रहीं है। इसी क्रम में एफएसओ अनिल प्रताप सिंह परिहार की टीम ने 9 जुलाई को अंबाह कस्बे में दो प्रतिष्ठनों पर कार्रवाई करते हुए नमूने एकत्रित किए।



जानकारी के अनुसार फूड सेफ्टी ऑफिसर अनिल प्रताप सिंह परिहार की टीम ने अंबाह कस्बे की जूता वाली गली स्थित अपनी दुकान नामक प्रतिष्ठान पर पहली कार्रवाई की। टीम ने यहां से काजू का नमूना लिया।

इसी क्रम में दूसरी कार्रवाई कस्बे की सब्जी मंडी रोड पर स्थित फर्म कल्याणदास राजेश कुमार के किराना प्रतिष्ठान पर की। टीम ने यहां से बेसन, मैदा, साबुत धनिया के सैंपल कलेक्ट किए है। लिए गए सभी सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

# जयवर्धन सिंह का जन्मदिन मरीजों को फल बांटकर मनाया

**जिला अस्पताल में आयोजन, जिपं सदस्य अन्नू परमार बोले सेवा ही सबसे बड़ा संकल्प**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 जुलाई।** मप्र शासन के पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह के जन्मदिवस पर युवा कांग्रेस नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अन्नू परमार ने गुरूवार को जिला चिकित्सालय पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर कुशलक्षेम जाना तथा हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।



अन्नू परमार ने कहा कि जयवर्धन सिंह का जीवन जनसेवा और सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित रहा है। उनके जन्मदिन को सेवा कार्यों के माध्यम से मनाना उनके विचारों का सम्मान है। इस अवसर पर उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। कार्यक्रम में राजवीर सिंह परमार, आशु यादव, हर्षवर्धन सिंह परमार, राजेश सिंह परमार, होतम सिंह परमार, अनिल सिकरवार, विकास तोमर, सौरभ त्यागी, रामू परमार, अमन पाठक सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## ग्रामीणों को बताए डिजिटल ठगी से बचने के तरीके

**मुरैना, 9 जुलाई।** ग्राम पंचायत गंजरामपुर में आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविर में ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, सरकारी योजनाओं और डिजिटल फ्रॉड से बचाव की जानकारी दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया एवं आरोह फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर में अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा और सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी दी गई। ब्लॉक समन्वयक कोमल सिंह ने साइबर ठगी से बचने के लिए ओटीपी, बैंकिंग जानकारी और अज्ञात लिंक साझा नहीं करने की सलाह दी। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष गुड्डी देवी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा योजना: समाधान शिविर में रखे गए 1643 प्रकरण

**मुरैना, 9 जुलाई।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत नगर निगम सभागार में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कैंप में 1434 निरस्त और 209 लंबित ऋण प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए विशेष पहल की गई। जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने पात्र हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति एवं संवितरण पत्र वितरित करते हुए बैंक अधिकारियों से मामलों का पारदर्शी और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। शिविर में बैंक शाखाओं ने आवेदकों के दस्तावेजों की जांच कर कई मामलों का मौके पर समाधान किया, जबकि शेष प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों और बैंक अधिकारियों ने भी भाग लिया।




# ट्रांसफॉमर्स के पास कचरे के ढेर से गौवंश की जान को खतरा

**भाजयुमो नेता ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 जुलाई।** बिजली ट्रांसफार्मरों और खंभों के आसपास जमा कचरे से गौवंश एवं आमजन की सुरक्षा को खतरा बताते हुए भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य रुद्रप्रताप सिंह ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में रुद्रप्रताप सिंह ने कहा है कि भूख के कारण गौवंश कचरे के ढेर तक पहुंचते हैं और वहां ट्रांसफॉर्मरों से निकलने वाले करंट की चपेट में आकर जान गंवा रहे हैं। ज्ञापन में ट्रांसफॉर्मरों के 50 मीटर दायरे से कचरा हटाने,



नगर निगम द्वारा निर्धारित डंपिंग स्थल चिन्हित करने, खतरनाक स्थानों पर चेतावनी बोर्ड लगाने तथा संबंधित विभागों की संयुक्त टीम से प्रत्येक 15 दिन में निरीक्षण कराने की मांग की गई। उन्होंने इस समस्या पर शीघ्र कार्रवाई कर गौवंश और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

## नाबार्ड की वाडी परियोजना से सहरिया परिवार बनेंगे आत्मनिर्भर

**मुरैना, 9 जुलाई।** नाबार्ड के 45वें स्थापना दिवस पर पहाड़गढ़ में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि वाडी विकास परियोजना सहरिया जनजाति के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण पहल है। करीब 1.77 करोड़ रुपए की चार वर्षीय परियोजना से 302 सहरिया परिवार लाभान्वित होंगे। हितग्राहियों की भूमि पर आम-अमरूद के पौधे, वानिकी, सब्जी उत्पादन, जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाएं विकसित की जाएगी।

**कलेक्टर बोले फलदार पौधे, बकरी पालन, आधुनिक खेती से बढ़ेगी आय**

भूमिहीन परिवारों को बकरी पालन और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। कलेक्टर ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कार्यक्रम का आयोजन नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक आशीष जे श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



## हत्या मामले में फरार तीन स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**तीन साल से चल रहे थे फरार, माताबसैया पुलिस की कार्रवाई**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 9 जुलाई।** माताबसैया थाना पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास सहित गंभीर धाराओं में दर्ज प्रकरण में बीते तीन साल से फरार चल रहे तीन आरोपियों को 9 जुलाई को दतहरा-परीक्षा रोड से गिरफ्तार कर लिया। इन तीनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय ने स्थाई वारंट जारी किए थे। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने फरार चल रहे स्थाई वारंटी रमेश परिहार पुत्र रघुनाथ सिंह परिहार, सुरेन्द्र पुत्र गंगाराम सिंह परिहार और दिग्विजय सिंह परिहार पुत्र रमेश परिहार निवासीगण ग्राम भटपुरा को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई थाना प्रभारी एसआई विवेक सिंह तोमर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।